an>

Title: Need to formulate a scheme to provide clean drinking water to people of Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency in Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): महोदय, राजस्थान के जिला टोंक एवं जिला सवाई माधोपुर में पीने के पानी की बहुत गंभीर समस्या है। जमीन में पीने के पानी का स्तर लगभग 400-500 फुट गहरा है और उसमें भी काफी मात्रा में फ्लोराइड (खारा पानी) है, जिससे लोगों को कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण लोग औसतन 50 साल की आयु तक ही जीवन जी पाते हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक सवाई माधोपुर में विश्व का सातवें नंबर का वनस्थली कन्या विश्वविद्यालय है, जहाँ पूरे भारत एवं विदेश से लड़कियाँ पढ़ने आती हैं। इसके साथ ही यहाँ पर रणथम्भौर पर्यटन स्थल भी है, जिसमें काफी संख्या में पर्यटक देश-विदेश से घूमने आते हैं, इसलिए यह विषय अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री जी से अनुरोध है कि केंद्र सरकार कोई ऐसी योजना बनाये, जिससे लाखों लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिल सके। यह मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की अति महत्वपूर्ण माँग एवं विषय है।